भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *208
उत्तर देने की तारीख 06.08.2026

ज्ञान भारतम् मिशन

***208. श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ज्ञान भारतम् मिशन के शुभारंभ से लेकर आज तक इसके अंतर्गत चिह्नित, प्रलेखित और डिजिटलीकृत की गई पांडुलिपियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटलीकरण में निजी संरक्षकों, धार्मिक संस्थाओं, पुस्तकालयों और विश्वविद्यालयों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए कोई संस्थागत तंत्र स्थापित किया है;
(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) मिशन के अंतर्गत डिजिटलीकृत की गई पांडुलिपियों तक विद्वानों की पहुँच, शोध और आम जनता तक उनकी पहुँच को बढ़ावा देने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

'ज्ञान भारतम् मिशन' के संबंध में दिनांक 06.08.2026 को माननीय संसद सदस्य श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *208 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क): विविध भाषाओं और लिपियों का प्रतिनिधित्व करने वाले पांडुलिपि संग्रहों, रिपॉजिटरी और संरक्षकों की पहचान करने और उनका प्रलेखन करने के लिए मार्च, 2026 में देश के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण शुरू किया गया था। इस सर्वेक्षण के दौरान, 1.22 करोड़ से अधिक पांडुलिपियों से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई है, जिसका राज्यवार विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है। देश भर में उपलब्ध डिजिटलीकृत पांडुलिपियों की कुल संख्या 8 लाख से अधिक है, जिनमें से वर्तमान में 4.40 लाख से अधिक पांडुलिपियां आम जनता के लिए ज्ञान भारतम पोर्टल पर व्यू मोड में उपलब्ध हैं। ज्ञान भारतम पोर्टल पर उपलब्ध डिजिटलीकृत पांडुलिपियों का राज्यवार ब्यौरा **अनुलग्नक-II** पर है।

(ख) और (ग): इस मिशन ने क्लस्टर केंद्रों और स्वतंत्र केंद्रों के माध्यम से एक संस्थागत तंत्र स्थापित किया है, जिसमें पांडुलिपि से संबंधित कार्यकलापों को संचालित करने के लिए विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान, पुस्तकालय, अभिलेखागार, निजी संरक्षक, धार्मिक संस्थान और अन्य हितधारक शामिल हैं। संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के भीतर ज्ञान भारतम के कार्यान्वयन के लिए नोडल समन्वय प्राधिकरण के रूप में कार्य करने हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) को भी शामिल किया गया है।

(घ): पांडुलिपियों की डिजिटलीकृत प्रतियों तक पहुंच की सुविधा संरक्षकों और अधिकार धारकों के अधिकारों को ध्यान में रखते हुए दी गई है। राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी के माध्यम से, जहां कहीं भी अनुमत है, आम जनता और विद्वत्तापूर्ण शोध के लिए पांडुलिपियों और उनसे संबंधित मेटाडेटा को उपलब्ध कराया जा सकता है, जबकि संवेदनशील, प्रतिबंधित या अधिकार-संरक्षित सामग्रियों तक पहुंच उचित शर्तों के अध्यधीन हो सकती है।

अनुलग्नक-I

'ज्ञान भारतम् मिशन' के संबंध में दिनांक 06.08.2026 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *208 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के दौरान सूचित पांडुलिपियों का ब्यौरा

(राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार)

(30 जुलाई, 2026 तक)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	पांडुलिपियों की संख्या
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	47
2.	आंध्र प्रदेश	79452
3.	अरुणाचल प्रदेश	4588
4.	असम	58703
5.	बिहार	876640
6.	चंडीगढ़	9100
7.	छत्तीसगढ	12139
8.	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	169
9.	दिल्ली	88554
10.	गोवा	31072
11.	गुजरात	1775383
12.	हरियाणा	28311
13.	हिमाचल प्रदेश	52082
14.	जम्मू और कश्मीर	43539
15.	झारखंड	10158
16.	कर्नाटक	409491
17.	केरल	511398
18.	लद्दाख	10481
19.	लक्षद्वीप	73
20.	मध्य प्रदेश	1220576
21.	महाराष्ट्र	701860
22.	मणिपुर	7153
23.	मेघालय	200
24.	मिजोरम	388
25.	नागालैंड	426
26.	ओडिशा	95447
27.	पुदुचेरी	15449
28.	पंजाब	136743
29.	राजस्थान	2343769
30.	सिक्किम	3633
31.	तमिलनाडु	146025
32.	तेलंगाना	242282
33.	त्रिपुरा	835
34.	उत्तर प्रदेश	2956373
35.	उत्तराखंड	16762
36.	पश्चिम बंगाल	351051
	कुल	**1,22,40,352**

अनुलग्नक-II

'ज्ञान भारतम् मिशन' के संबंध में दिनांक 06.08.2026 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *208 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

ज्ञान भारतम पोर्टल पर उपलब्ध डिजिटलीकृत पांडुलिपियों का ब्यौरा
(राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार)
(30 जुलाई, 2026 तक)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	पांडुलिपियों की संख्या
1	असम	2198
2	बिहार	1317
3	छत्तीसगढ़	1
4	दिल्ली	11742
5	गोवा	45
6	गुजरात	36315
7	हरियाणा	22088
8	हिमाचल प्रदेश	1313
9	जम्मू और कश्मीर	2265
10	कर्नाटक	3033
11	केरल	343
12	लद्दाख	186
13	मध्य प्रदेश	7854
14	महाराष्ट्र	98167
15	मणिपुर	367
16	ओडिशा	5971
17	पुदुचेरी	332
18	पंजाब	2044
19	राजस्थान	94936
20	सिक्किम	212
21	तमिलनाडु	47036
22	तेलंगाना	391
23	उत्तर प्रदेश	79863
24	उत्तराखंड	26199
25	पश्चिम बंगाल	2370
	कुल	**4,46,588**

*****